प्रति,

श्रीमान थाना प्रभारी
न्यू राजेन्द्र नगर,
रायपुर छ.ग.

विषय– पुष्पा देवी सिंग पति श्री कुलेश्वर सिंह, निवासी शिवपुर पो. आ. भूनेश्वरपुर, विकासखण्ड –रामानुजनगर, सरगुजा छ.ग. के विरुद्ध उचित कार्यवाही किये जाने बावत्।

महोदय,

निवेदन है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70/114 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला–रायपुर छ.ग. स्थित भूमि 386/4.5 का भाग रकबा 4275 वर्ग फूट प्लाट नं.–1 भूमि जो कि गजराज पगारिया पिता एवं स्व. श्री मांगीलाल पगारिया निवासी – 28 विवेकानंद नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 29.03.2001 के माध्यम से मोहन चंद जैन पिता श्री तुलसी जैन से कय कर एवं आधिपत्य प्राप्त किया। तथा उक्त मुशि 4276 वर्ग फुट को पंतीकृत विक्रय पत्र दि 04.4.2003 के माध्यम से पुष्पादेवी सिंग पति तुलेश्वर लिंग को विक्रय कर दिया गया। उक्त विकय पत्र दिनांक – 04.04.2003 के के आधार पर पुष्पा देवी सिंग द्वारा नामांतरण क. 220 आदेश दिनांक – 18.05.2004 के माध्यम से राजस्व अभिलेख में रकबा 4275 वर्ग फुट का भूमि का नामांतरण करवा लिया गया।

तत्पश्चात् पुष्पा देवीमिंग द्वारा उक्त विकय पत्र दिनांक 04.04.2003 के आधार पर पुनः नामांतरण हेतु दिनांक 10.03.2022 को तहसीलदार रायपुर के समक्ष नामांतरण आवदेन प्रस्तुत किया गया। तथा गजराज पगारिया के नाम पर स्थित अन्य भूमि ख.नं. 386/7 का भाग रकबा 2500 वर्ग फूट भूमि जिसे गजराज पगारिया द्वारा पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 08.02.2001 के माध्यम से हरिशकुमार वासवानी से कय कर स्वामित्व एवं अधिपत्य प्राप्त किया है, को पुष्पा देवी सिंग द्वारा उक्त विकय पत्र दिनांक 04.04.2003 के माध्यम से राजस्व अभिलेख में रकबा 2500 वर्ग फुट भूमि को भी दिनांक 08.07.

Scanned with OKEN Scanner

2022 के माध्यम से स्वयं के नाम पर दर्ज करवा लिया गया । इस प्रकार पुष्पा देवी सिंग द्वारा आवेदक से छल एवं कपट कर उक्त रकबा 2500 वर्ग फुट भूमि को स्वयं के नाम पर दर्ज करवा लिया गया है। पुष्पा देवी सिंग द्वारा किया गया उक्त कार्य अपराध के श्रेणी में आता है। तथा उक्त कार्य अपराधिक कृत्य है।

उपरोक्त समस्त छल पूर्वक कार्य पुष्पा सिंग की पुत्री शशि सिंग द्वारा राजनितिक दबाव में करवाया गया है। तथा अपने राजनितिक प्रभाव डालकर अधिकारियों पर दबाव डालकर आवेदक के भूमि को हड़पने की साजिश की गई है। जो कि अपराध की श्रेणी में आता है।

अतः माननीय महादेय से निवदेन है कि पुष्पा देवी सिंग पति श्री कुलेश्वर सिंग निवासी – शिवपुर पो.आ. भूनेश्वरपुर, विकासखण्ड– रामानुजनगर, सरगुजा एवं उनकी पुत्री शशि सिंग के विरूद्व उचित कार्यवाही किया जाकर सक्षम न्यायालय से दण्डित करवाये जाने की कृपा करें।

रायपुर छ.ग.

दिनांक – 9-04/2024

आवेदक

गजराज पगारिया

गजराज पगारिया
पिता एवं स्व. श्री मांगीलाल
पगारिया निवासी –28
विवेकानंद नगर,रायपुर छ.ग.

Scanned with OKEN Scanner